हरिभूमि

# बालोद भूमि

रायपुर, रविवार 5 अप्रैल 2026


तापमान

अधिकतम 34.4 डिग्री

न्यूनतम 24.6 डिग्री


11 ब्रह्माकुमारीज के आध्यात्मिक मेले में भव्य शिवलिंग ...





12 लाखों की वाटर एटीएम योजना फेल, पेयजल के भटक ...














## मां कर्मा जयंती समारोह में प्रतिभाओं का किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

शनिवार को साहू सदन गुरुर मे तहसील स्तरीय कर्मा जयंती महोत्सव एवं प्रतिभा सम्मान समारोह कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम स्थल से सामाजिक महिलाओं के द्वारा पारंपरिक परिधान में जयकारा लगाते हुए कलश यात्रा निकाली गई, जो नेशनल हाईवे 930 से होते हुए, बस स्टैंड, धनेली चौक के बाद देउर मंदिर पहुंची, जहां सामाजिक पदाधिकारियो द्वारा पूजा अर्चना कर ग्राम कोलिहामार की गलियों में भ्रमण करते हुए कार्यक्रम स्थल पर पहुंची। जहां सामाजिक पदाधिकारी एवं अतिथियों द्वारा ध्वजारोहण किया गया।

■ कलश यात्रा, ध्वजारोहण के साथ साहू समाज ने दिया एकता का संदेश



मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ के अध्यक्ष डॉ. नीरेंद्र साहू ने कहा कि समाज की सबसे मजबूत नींव बालोद की गुरूर में रखी गई है। समाज के हित में चिंतन करने वाला बालोद जिला का प्रदेश में अहम भूमिका है। वर्तमान में समाज में कई प्रकार की विकृति आ चुकी है, जिसे दूर करना है। यदि अभी से समाज संगठित नही होगा तो आने वाली पीढ़ी को परेशानी होगी।

तहसील साहू संघ गुरुर के अध्यक्ष मिथलेश साहू ने स्वागत उद्बोधन में कहा कि 12 परिक्षेत्र में मां कर्मा जयंती मनाने के बाद आज तहसील स्तरीय मां कर्मा जयंती महोत्सव मनाया जा रहा है। यह एक उत्सव ही नहीं बल्कि सामाज के हित में चर्चा तथा समाज की रीति नीति पर चिंतन मनन का भी दिन है। जिला साहू संघ के अध्यक्ष महेंद्र साहू ने समाज की रीति नीति से अवगत कराते हुए सामाजिक बुराइयों ▶▶| शेष पेज 10 पर

### साहू समाज की रीति व नीति के चलते अन्य समाज भी कर रहा अनुसरण

तेलघानी विकास बोर्ड छत्तीसगढ़ के अध्यक्ष जितेंद्र साहू ने कहा कि साहू समाज की उत्थान, समाज का विकास तथा रोजगार उपलब्ध कराने हेतु प्रदेश की साय सरकार द्वारा लगातार चिंतन किया जा रहा है। पहले घर, परिवार तथा समाज में समानता था, लेकिन अब वर्तमान में कहीं न कहीं सामाजिक विकृति के कारण असमानता भी नजर आती है। छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ कोषाध्यक्ष गोपाल साहू ने कहा कि आज साहू समाज की रीति व नीति के चलते अन्य समाज भी अनुसरण कर रहा है। जिस तरह आदर्श विवाह संपन्न कराकर समाज ने अपनी पहचान बनाई है उसी तरह आने वाले दिनों में शराबबंदी की ओर बढ़ते कदम से प्रदेश में साहू समाज अपनी पहचान बनायेगी।

## गुरूर को मिली एम्बुलेंस की सौगात, आपातकाल में मिलेगी राहत, हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

विकास खण्ड गुरूर को छत्तीसगढ़ शासन द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गुरूर एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पलारी लोकेशन हेतु सर्वसुविधा युक्त नई 108 एम्बुलेंस की सौगात दी गई है, जिनका क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों के द्वारा विधिवत रूप से पूजा अर्चना कर हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।

उपस्थित लोगो ने कहा नई एंबुलेंस आ जाने से आपात स्थितियों में निश्चित ही जीवन दायिनी साबित होगी, पूर्व में भी पुरानी 108 वाहन के माध्यम से सेवाएं दी जा रही थी। वर्तमान में नई एंबुलेंस से और बेहतर सुविधाएं मिलेगी।



### ये रहे उपस्थित

उक्त अवसर पर जनपद पंचायत अध्यक्ष सुनीता संजय साहू, उपाध्यक्ष दुर्गानंद साहू, नगर पंचायत अध्यक्ष प्रदीप साहू, सभापति संध्या अजेंद्र साहू, तान सिंह देहारी, दिनेश्वरी सिन्हा, गणेश्वरी, अजीत ध्रुव, कौशल्या, हरि कृष्ण गंजीर, झालेंद्र साहू, लता लक्ष्मी, संतोषी साहू, आशीष साहू, प्रमिला साहू जनपद सदस्य जनपद पंचायत गुरूर एवं स्वास्थ्य विभाग प्रमुख बीएमओ डॉक्टर सुनील भारती, योगेश साहू, अनिल सिन्हा, के आर उर्वशा 108 वाहन के कर्मचारी एवं सीएचसी के स्टाफ उपस्थित थे।




## खबर संक्षेप

### बेकाबू कार की ठोकर से बाइक सवार युवक घायल

**बालोद।** कार ने बाईक सवार को ठोकर मार दी। जिससे बाईक सवार घायल हो गया। जिसके बाद पीड़ित युवक ने कार चालक के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई है। जिसमे पुलिस ने धारा 184 एलकेएस, 125(ए), 281 बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। ग्राम भुरकाभाट थाना सुरेगांव निवासी विष्णुप्रासद साहू पिता बिसौहा ने पुलिस को बताया कि मैं अपने मोटर साइकिल सीजी 24 एल 1973 में घर से अपने ससुराल ग्राम बिटाल अकेले जा रहा था, ग्राम अछोली स्कुल के सामने मेन रोड़ के पास पहुंचा था कि सामने तरफ से आ रहे कार सीजी 18 एन 5038 के चालक ने अपने कार को तेज व लापरवाही पूर्वक चलाते हुए मुझे एक्सीडेंट कर दिये। जिससे मेरे दाहिने कनपटी, दाहिने कान व बायें पैर के घुटना नीचे चोट आया।

### खेत से 8 लाख के सोलर प्लांट की चोरी, रिपोर्ट दर्ज

**बालोद।** खेत में लगे सोलर पावर प्लांट को किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा क्षतिग्रस्त कर दिया गया। जिसके बाद पीड़ित व्यक्ति ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई है। जिसमे पुलिस ने धारा 303(2) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। ग्राम सिकोसा निवासी समीर डाहरे ने पुलिस को बताया कि मेरा प्रधान मंत्री कुसुम योजना के अंतर्गत 0.5 मेगावाट का सोलर पावर प्लांट ग्राम सिकोसा खेत में स्थित है, जिसमें डीसी केबल, एसी केबल, कनेक्टर्स एवं सोलर प्लेट्स एवं अन्य टेक्निकल उपकरण लगा हुआ है, जिसमें ग्राम सिकोसा का सोनु पटेल देखरेख का कार्य करता है जो सुबह मुझे फोन करके बताया कि सोलर पावर प्लांट में चोरी हुआ है, तब सूचना पाकर मै तुरंत प्लांट पहुंचा तो देखा कि डीसी केबल, एसी केबल, कनेक्टर्स, ट्रांसफार्मर एवं अन्य उपकरण चोरी तथा क्षतिग्रस्त हुआ है। किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा फेंसिंग तार को काटकर सोलर प्लांट में प्रवेश कर डीसी केबल लगभग 1000 मीटर, एसी केबल लगभग 50 मीटर कीमती करीबन 08 लाख रुपया को चोरी कर ले गया है एवं कनेक्टर्स को क्षतिग्रस्त कर दिया है।

### युवक की पिटाई, तीन के खिलाफ मामला दर्ज

**बालोद।** डीजे में नाचने से मना करने पर तीन लोगों ने युवक की पिटाई कर दी। जिसके बाद पीड़ित युवक ने तीन लोगो के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। जिसमे पुलिस ने धारा 115(2), 296, 3(5), 351(3) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर लिया है। वार्ड क्रमांक 20 गांधी चौंक निवासी अनिस पुरी गोस्वामी ने पुलिस को बताया कि डीजे मे लोग नाच रहे थे जिसे रास्ते मे मत नाचो कहकर हटा रहा था इसी बात को लेकर दीपक साहू, बलवंत तथा एक अन्य तीनो हम लोगो को नाचने से मना करने वाले कौन होते हो कहकर गाली देकर जान से मारने की धमकी देते हुए हाथ मुक्का से मारपीट किये है, जिससे मैं जमीन मे गिर गया तभी पप्पु साही का लडका अपने पास रखे ब्लेड से मेरे पीठ मे मारकर चोंट पहुंचाया है, मारपीट करने से मुझे सिर मे तथा पीठ मे चोंट आकर दर्द हो रहा है।

### युवक से मारपीट की दो पर मामला दर्ज

**बालोद।** गली में आने जाने में हो रही दिक्कत को लेकर घर में बातचीत कर रहे युवक के साथ उसके पड़ोसी ने मारपीट कर दी। जिसके बाद पीड़ित युवक ने मारपीट करने वाले दो युवको के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई है। जिसमे पुलिस ने धारा 115(2), 296, 3(5), 351(3) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। वार्ड क्र0 26 निवासी सोनू नेताम ने पुलिस को बताया कि हमारे घर के पास डोमेन्द्र सपहा घर बना रहा है तथा पुराने घर के मटेरियल को गली में रखे है जिससे आने जाने में परेशानी होने पर गली में रखे मटेरियल को हटाने के लिए बोला था इसी बात को लेकर मै अपने घर में अपने घर वालों से बाच चीत कर रहा था उसी समय डोमेन्द्र सपहा एवं उसका भाई हेमंत सपहा मेरे घर के सामने आकर तुम हम लोगो को गाली क्यो दे रहे हो कहकर गाली गलौज कर धमकी देकर हाथ मुक्का से मारपीट किया है मारपीट करने से मेरे सिर तथा गला में चोट आकर दर्द हो रहा है।

**समस्या :** कपड़े फाड़ते है और खादय समाग्री ले जाते है

# बंदरों से शहर में दहशत, वन विभाग व पालिका चलाएगा संयुक्त अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा



दल्लीराजहरा शहर में इन दिनों बंदरों का बढ़ता आतंक लोगों के लिए गंभीर समस्या बनता जा रहा है। मुख्य बाजार, रेलवे स्टेशन रोड, जैन भवन चौक, श्रमवीर चौक सहित कई आवासीय क्षेत्रों में बंदरों के झुंड खुलेआम घूमते नजर आ रहे हैं। हालात ऐसे हैं कि लोग घरों की छतों पर जाने से कतराने लगे हैं, वहीं बच्चों और बुजुर्गों में विशेष रूप से भय का माहौल है।

बंदरों द्वारा आए दिन घरों में घुसकर खाने-पीने की वस्तुएं उठाना, कपड़े फाड़ना और राह चलते लोगों पर झपट्टा मारने की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। कई स्थानों पर बंदरों ने लोगों को काटने और घायल करने की घटनाओं को भी अंजाम दिया है, जिससे नागरिकों में आक्रोश और चिंता दोनों बढ़ते जा रहे हैं।

स्थानीय नागरिकों का कहना है कि यह समस्या पिछले कुछ महीनों में अचानक बढ़ी है। वार्ड क्रमांक 12 के निवासी रमेश साहू ने बताया कि सुबह-शाम बंदरों का झुंड घरों में घुस आता है, छोटे बच्चों को बाहर खेलने भेजना मुश्किल हो गया है। वहीं गृहिणी सरिता जैन ने कहा कि किचन की खिड़की खुली रह जाए तो बंदर तुरंत अंदर आ जाते हैं, जिससे काफी नुकसान हो रहा है। नगर पालिका प्रशासन का कहना है कि समस्या की जानकारी उन्हें मिल चुकी है और वन विभाग के सहयोग से जल्द ही कार्रवाई की जाएगी।

नगर पालिका कर्मचारी गोविंद साहू ,विपिन बेहरा आदि लोगों ने बताया कि बंदरों को पकड़ने और उन्हें सुरक्षित स्थान पर छोड़ने की प्रक्रिया के लिए वन विभाग को पत्र भेजा गया है। जल्द ही संयुक्त टीम बनाकर अभियान चलाया जाएगा।

वन विभाग के कर्मचारी अजय आसर्टिकर ने भी माना कि शहरों में बंदरों की बढ़ती संख्या एक व्यापक समस्या बन चुकी है। उन्होंने बताया कि जंगलों में भोजन की कमी और शहरी क्षेत्रों में आसानी से मिलने वाला खाद्य पदार्थ बंदरों को शहर की ओर आकर्षित कर रहा है। लोग अनजाने में बंदरों को खाना खिलाते हैं, जिससे वे और अधिक आक्रामक और निर्भर हो जाते हैं, उन्होंने कहा।

सामाजिक संगठनों ने भी इस मुद्दे को गंभीरता से लेते हुए प्रशासन से शीघ्र ठोस कदम उठाने की मांग की है। नागरिकों ने सुझाव दिया है कि शहर में जागरूकता अभियान चलाया जाए, ताकि लोग बंदरों को खाना न खिलाएं और कचरा प्रबंधन बेहतर किया जाए।

हालांकि समस्या गंभीर है, लेकिन विशेषज्ञों का मानना है कि सामूहिक प्रयासों से इसका समाधान संभव है। यदि प्रशासन, वन विभाग और आमजन मिलकर जिम्मेदारी निभाएं, तो जल्द ही दल्लीराजहरा को इस परेशानी से राहत मिल सकती है। शहरवासियों को उम्मीद है कि जल्द ही इस दिशा में प्रभावी कदम उठाए जाएंगे और शहर एक बार फिर सुरक्षित और शांत वातावरण की ओर लौटेगा।

## मनरेगा में काम नहीं मिलने पर कांग्रेस का सरकार पर हमला

**गुण्डरदेही।** जिला कांग्रेस कमेटी बालोद कहा कि आज छग के लगभग एक करोड़ मनरेगा मजदूर अपने काम का बाट जोह रही है। आज नए वित्तीय वर्ष के चौथा दिन होने को है लेकिन आज पर्यन्त तक काम के लिय कोई राशि का पता नहीं है। केंद्र सरकार ने जो नया वीबी जी राम जी योजना लाया है, उस समय सत्ता के मठाधीशो के द्वारा बड़ी बड़ी बात किया गया था कि 150 दिवस का काम मिलेगा लेकिन आज धरातल में मजदूरो को एक दिन का काम भी नहीं मिल पा रहा है, इस समस्या का प्रमुख कारण कोई है तो केंद्र सरकार ने जो मनरेगा का नाम ही नहीं बदला बल्कि 40 प्रतिशत राशि राज्य सरकार को अतिरिक वित्तीय बोझ देने का फैसला किया है उसके कारण आज मनरेगा मजदूर काम के लिय बाट जोह रहे है। मनमोहन सिंह के नेतृत्व में पूर्ववर्ती सरकार ने मनरेगा के नाम से रोजगार की कानूनी गारंटी का प्रावधान किया था। जिसे मोदी सरकार ने योजना में परिवर्तित कर गरीबों का रोजगार का हक छीन लिया पूर्व के भूपेश बघेल सरकार ने कोरोना जैसे वैश्विक महामारी में भी छग के लोगों के लिय मनरेगा का काम दिया था जो आजीविका का प्रमुख साधन रहा था आज जबकि डबल इंजन की सरकार है और गरीबों को एक दिन का भी काम नहीं मिला है। आज केंद्र और राज्य सरकार के आर्थिक कुप्रबंधन के कारण आम जनता को महंगाई की मार भी झेलना पड़ रहा है। गैस सिलेंडर, पेट्रोल, डीजल एवं अन्य दैनिक उपभोग के वस्तुओं के दाम में लगातार बेतहाशा वृद्धि हो रही है। महंगाई आज भाजपा निर्मित आपदा बन गया है।



## बिजली दर वृद्धि के विरोध में आप ने सौंपा ज्ञापन



**बालोद।** छत्तीसगढ़ में बिजली की दरों में प्रस्तावित वृद्धि के विरोध में आम आदमी पार्टी ने ज्ञापन सौपा। पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष घनश्याम चंद्राकर और जिलाध्यक्ष बालक सिंह साहू के साथ कार्यकर्ताओं ने विद्युत विभाग के कार्यपालन अभियंता को छः सूत्रीय ज्ञापन सौंपकर बिजली की बढ़ती कीमतों पर तत्काल रोक लगाने की मांग की।

ज्ञापन में प्रमुख मांग के रूप में बिजली की दरों में प्रस्तावित वृद्धि को निरस्त कर पुरानी दरों में कटौती की जाए। बड़े बकायादार उद्योगपतियों और सरकारी विभागों से तत्काल करोड़ों की वसूली हो। स्मार्ट मीटर की खामियों को दूर कर पुराने मीटर बहाल किए जाएं ताकि गरीबों का बिजली कनेक्शन न कटे। ग्रामीण क्षेत्रें में अघोषित बिजली कटौती पर पूर्ण विराम लगे। गाँवों में ट्रांसफार्मर की उपलब्धता सरकार अपने खर्च पर सुनिश्चित करे की मांग की गई है। विरोध प्रदर्शन और ज्ञापन सौंपने के दौरान मुख्य रूप से जिलाध्यक्ष बालक सिंह साहू, डॉ. भुनेश्वर कुंभकार, जिला महासचिव कैलाश बंजारे, जिलाध्यक्ष, आरटीआई विंग रोहित साहू, ब्लॉक अध्यक्ष धर्मेंद्र विश्वकर्मा, हरिश्चंद्र गजेंद्र सहित बड़ी संख्या में पाटऍ पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यकर्ताओं ने स्पष्ट किया कि यदि जनहित में ये मांगें पूरी नहीं हुईं, तो आम आदमी पाटऍ उग्र आंदोलन करने की बात कही है।

## मामूली बात पर दो पक्षों में मारपीट काउंटर रिपोर्ट दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

- गाली-गलौच के बाद हाथापाई, महिलाओं को आई चोटें

मामूली बात पर दो पक्षो में मारपीट हो गई जिसके बाद दोनो पक्षो ने एक दूसरे के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई है। जिसमे पुलिस ने विभिन्न धाराओ के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

ग्राम रूदा निवासी त्रिवेणी जोशी ने पुलिस को बताया कि मैं अपने परिवार सहित घर पर थी उसी समय गांव के कुन्ती बाई बारले द्वारा मेरी बेटी को गांव में बदनाम करते हो कहकर कुन्ती बाई बारले, उसकी सास गीता बाई बारले द्वारा मुझे, मेरी बडी बेटी चांद जोशी, छोटी बेटी प्रतिज्ञा को गालियां देकर हाथ मुक्का से मारपीट किये है। मारपीट से मेरी बडी बेटी चांद जोशी के चेहरे में चोंट लगी है। जिसमे पुलिस ने धारा 115(2), 296, 3(5) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

ग्राम रूदा निवासी गीता बाई बारले ने पुलिस को बताया कि मैं व मेरी बहू कुन्ती बाई बारले के साथ गांव के सुखराम जोशी के घर गये थे जहां त्रिवेणी बाई, उसकी बडी लडकी चांद, बडी मंझली लडकी प्रतिज्ञा थी जिसे मेरी बहू कुन्ती बोली कि मेरी बेटी को गांव में बदनाम क्यों कर रही हो बोलकर उसके घर के सामने नहर नाली के पास मेरी बहू कुन्ती बाई का बाल खींचकर गालियां देकर तीनों हाथ मुक्का से मारपीट किये है। मैं बीच बचाव करने गई तो मुझे भी गाली गलौच किये है। मारपीट करने से मेरी बहु कुन्ती बाई के सीने में अंदरूनी चोंट लगकर दर्द होना बतायी है। पीड़िता की रिपोर्ट पर पुलिस ने तीन लोगो के खिलाफ धारा 115(2), 296, 3(5), 351(3) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

## कर्मा जयंती सामाजिक एकता और समरसता का देता है संदेश : रमशिला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा



कर्मा जयंती के पावन अवसर पर आयोजित समारोह में महिला सरपंच ने समाजजनों को संबोधित करते हुए एकता, शिक्षा और विकास का संदेश दिया। इस कार्यक्रम के अतिथिगण मुख्य अतिथि ताम्रध्वज साहू पूर्व गृहमंत्री,विशेष अतिथि ललित चंद्राकर विधायक दुर्ग ग्रामीण रमशीला साहू पूर्व कैबिनेट मंत्री ,आध्यक्षता दुर्गा पुरुषोत्तम चौधरी सरपंच ग्राम आमटी विशेष अतिथि नंदलाल साहू जिला अध्यक्ष दुर्ग साहू समाज पुराऊ राम साहू तहसील अध्यक्ष ग्रामीण साहू समाज दुर्ग रमेश साहू पूर्व कार्यकारिणी साहू समाज रामकिसुन साहू कार्यकारिणी सदस्य छ.ग. प्रदेश साहू समाज, सुनील साहू अधीक्षक कर्मा छात्रावास

लीलावती रूपेश देशमुख जनपद सदस्य निकुम दामिनी साहू जनपद सदस्य भोथली सुरेश साहू अध्यक्ष महा विघालय निकुम परिक्षेत्रीय साहू समाज उपस्थित थे। समाज प्रमुखों, माताओं, बहनों और युवाओं की गरिमामयी उपस्थिति रही। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि कर्मा जयंती केवल एक उत्सव नहीं, बल्कि हमारी समृद्ध संस्कृति, परंपरा और सामाजिक एकता का प्रतीक है। यह हमें पूर्वजों के मूल्यों, उनके संघर्ष, मेहनत और समर्पण की याद दिलाता है। उन्होंने परिक्षेत्रीय साहू समाज निकुम एवं ग्रामीण साहू समाज आमटी को इस भव्य आयोजन के लिए बधाई देते हुए कहा कि ऐसे आयोजन समाज को एक सूत्र में बांधने का कार्य करते हैं।

कार्यक्रम के दौरान शोभा यात्रा, सांस्कृतिक प्रस्तुतियां और अतिथि स्वागत जैसे आयोजन किए गए, जिसने पूरे माहौल को भक्तिमय और उत्साहपूर्ण बना दिया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजन न केवल हमारी परंपराओं को जीवित रखते हैं, बल्कि नई पीढ़ी को अपनी जड़ों से जोड़ने का भी महत्वपूर्ण कार्य करते हैं।

महिला सरपंच दुर्गा पुरूषोत्तम चौधरी ने अपने उद्बोधन में विशेष रूप से शिक्षा, एकता और आपसी सहयोग पर जोर देते हुए कहा कि समाज की उन्नति इन्हीं मूल्यों पर निर्भर करती है। उन्होंने महिलाओं और युवाओं को समाज का भविष्य बताते हुए उन्हें आगे बढ़ाने की आवश्यकता पर बल दिया। अंत में उन्होंने सभी से मिलकर गांव और समाज को शिक्षा, स्वच्छता और विकास के मार्ग पर अग्रसर करने का जोर दिया।

## ई-चालान के जरिए वसूला जा रहा अधिक जुर्माना, कांग्रेस ने की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग



यातायात नियमों के नाम पर ई-चालान के माध्यम से आम नागरिकों पर डाली जा रही अत्यधिक जुर्माना राशि के विरोध में आज जिला कांग्रेस कमेटी, दुर्ग शहर के अध्यक्ष धीरज बाकलीवाल के नेतृत्व में कांग्रेसजनों ने आरटीओ अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर व्यवस्था में राहत और मानवीय दृष्टिकोण अपनाने की मांग की। ज्ञापन में कहा गया कि वर्तमान महंगाई के दौर में गरीब, मजदूर, छात्र, नौकरीपेशा और मध्यमवर्गीय परिवार पहले से ही आर्थिक दबाव झेल रहे हैं। ऐसे समय में 2000 से 5000 तक के ई-चालान आमजन की परेशानियों को और बढ़ा रहे हैं। कांग्रेस ने स्पष्ट किया कि सड़क सुरक्षा आवश्यक है, लेकिन छोटी-छोटी त्रुटियों पर इतनी बड़ी दंडात्मक राशि उचित नहीं है। पूर्व महापौर धीरज बाकलीवाल ने कहा कि यातायात नियमों का पालन जरूरी है, लेकिन नियमों के साथ संवेदनशीलता भी उतनी ही जरूरी है। वर्तमान समय में भारी ई-चालान गरीब और मध्यमवर्गीय परिवारों के लिए आर्थिक संकट का कारण बन रहे हैं।

## ह्दय रोग से बचाव, जेएलएनएच में सेव ए लाइफ हैंड्स ओनली सीपीसीआर प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई




जवाहरलाल नेहरू अस्पताल एवं अनुसंधान केंद्र के एनेस्थीसियोलॉजी विभाग द्वारा सेव अ लाइफ अभियान के तहत ओपीडी कॉम्प्लेक्स में हैंड्स-ओनली सीपीसीआर (कार्डियो-पल्मोनरी सेरेब्रल रीससिटेशन) प्रशिक्षण कार्यशाला हुई। कार्यक्रम का उद्देश्य आम नागरिकों को ह्दयाघात जैसी आपात स्थितियों में त्वरित एवं प्रभावी सहायता प्रदान करने के लिए सक्षम बनाना था। इसमें विभिन्न आयु वर्ग के प्रतिभागियों 7 वर्ष के बच्चों से लेकर 80 वर्ष तक के वरिष्ठ नागरिकों ने भाग लिया। इस अवसर पर सीएमओ डां. विनीत द्विवेदी व डां. कौशलेंद्र ठाकुर भी उपस्थित थे।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. उदय कुमार ने कहा कि ह्दयाघात के शुरुआती कुछ मिनट अत्यंत महत्वपूर्ण होते हैं। ऐसे समय में प्रशिक्षित व्यक्ति ही जीवन और मृत्यु के बीच निर्णायक भूमिका निभा सकता है। यदि तत्काल सीपीआर प्रारंभ किया जाए, तो मरीज के जीवित बचने की संभावना कई गुना बढ़ जाती है। संचालन एनेस्थीसियोलॉजी विभाग की विशेषज्ञ टीम डॉ. कुमुदनी एवं डॉ. जयिता सरकार द्वारा किया गया, जिन्होंने प्रतिभागियों को मैनक्विन के माध्यम से छाती पर सही गति एवं गहराई से दबाव देने का व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया। सत्र के दौरान आपात स्थिति की पहचान, त्वरित प्रतिक्रिया की प्रक्रिया तथा सामान्य भ्रांतियों को दूर करने पर भी विशेष ध्यान दिया गया। कार्यक्रम मेंधार्मिक एवं सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने भी अपने-अपने संस्थानों एवं सामुदायिक स्थलों पर ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने हेतु अस्पताल प्रशासन से आग्रह किया।

## संतराबाड़ी में डोमशेड का लोकार्पण एवं पद्मनाभपुर में भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग



शहर के वार्ड 25 संतराबाड़ी में नवनिर्मित डोमशेड का लोकार्पण किया गया, वहीं वार्ड क्रमांक 46 पद्मनाभपुर में डोमशेड निर्माण कार्य का विधिवत भूमिपूजन हुआ। दुर्ग शहर विधायक एवं केबिनेट मंत्री गजेन्द्र यादव निरंतर शहर के सर्वांगीण विकास के लिए सक्रिय रूप से कार्य कर रहे हैं, जिसके परिणामस्वरूप विभिन्न क्षेत्रों में जनसुविधाओं का विस्तार हो रहा है।

संतराबाड़ी स्थित गायत्री मंदिर परिसर में आयोजित लोकार्पण कार्यक्रम में केबिनेट मंत्री गजेन्द्र यादव ने सहभागिता करते हुए वेदमाता गायत्री के चरणों में शीश नवाकर आशीर्वाद प्राप्त किये। इस अवसर पर उन्होंने क्षेत्रवासियों से आत्मीय संवाद किये और उनकी आवश्यकताओं एवं सुझावों को गंभीरता से सुने। मंत्री श्री यादव ने कहा कि यह भव्य डोमशेड क्षेत्र के धार्मिक एवं सामाजिक जीवन को नई दिशा देगा।

अब यहां विवाह, धार्मिक अनुष्ठान, सामाजिक कार्यक्रम एवं अन्य सामुदायिक आयोजन सुव्यवस्थित और सुविधाजनक वातावरण में आयोजित किए जा सकेंगे। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा केवल निर्माण कार्य तक सीमित नहीं है, बल्कि नागरिकों को बेहतर सुविधा, सुरक्षा और सुगमता प्रदान करना है। डोमशेड निर्माण से न केवल श्रद्धालुओं को सुविधा मिलेगी, बल्कि स्थानीय नागरिकों को भी विभिन्न आयोजनों के लिए एक स्थायी एवं संरक्षित स्थल उपलब्ध होगा।

### *लंबे समय से रही क्षेत्रवासियों की मांग*

*यह कार्य क्षेत्र के समग्र विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। पद्मनाभपुर में प्रस्तावित डोमशेड निर्माण कार्य के भूमिपूजन कार्यक्रम में भी मंत्री श्री यादव शामिल हुए। भूमि पूजन विधि-विधान के साथ सम्पन्न किया गया। यह कार्य लंबे समय से क्षेत्रवासियों की मांग रही थी, जिसके पूर्ण होने से स्थानीय नागरिकों में विशेष उत्साह और संतोष का वातावरण है। इस अवसर पर सभापति श्याम शर्मा, पार्षद मनीषा सोनी, संजय अग्रवाल, मनीष कोठारी, गुलशन साहू, युवराज कुंजाम, सविता साहू सहित अन्य मौजूद थे।*

## पेज 9 का शेष

### तहसील स्तरीय कर्मा ...

को दूर करने तथा साहू समाज को शिक्षा, स्वास्थ्य जैसे सभी क्षेत्रें में आगे बढ़ाने के लिए मार्गदर्शन दिया। कार्यक्रम में पूर्व कैबिनेट मंत्री रमशिला साहू, संजारी बालोद पूर्व विधायक प्रीतम साहू, गुंडरदेही पूर्व विधायक वीरेंद्र साहू, पूर्व महामंत्री हलधर साहू, वरिष्ठ समाजसेवी गरीबा साहू, अन्नपूर्णा हिरवानी, जिला पंचायत बालोद सभापति लक्ष्मी अशोक साहू, चंद्रिका गजीर, जनपद पंचायत गुरुर अध्यक्ष सुनीता साहू, उपाध्यक्ष दुर्गानंद साहू, जनपद सदस्य संतोषी साहू, लता साहू, डॉ हरिकृष्ण गंजीर, संध्या साहू, नगर पंचायत गुरुर अध्यक्ष प्रदीप साहू सहित अन्य अतिथियों ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में तहसील साहू संघ गुरुर द्वारा पढ़ाई के क्षेत्र में तथा अन्य क्षेत्रें में समाज का नाम रोशन करने वाले प्रतिभाओं का सम्मान किया गया, जिसमें समाज की बेटी योगिता साहू को पुलिस विभाग में, विनोद कुमार मत्स्य निरीक्षक, कुश्ती प्रतियोगिता में मानसी एवं रश्मि, नवीन विचार उत्सव में हर्ष कुमार, एथलेटिक्स में उपासना साहू, योगासन में दीपिका साहू, एमबीबीएस डॉक्टर मोहनीश साहू, डॉक्टर उदित साहू एवं बॉक्सिंग प्रतियोगिता में लेमेश कुमार का सम्मान किया गया। इसी तरह छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित बोर्ड परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन कर समाज का नाम रोशन करने वाले मेधावी कक्षा 12 वी से भाग्य लक्ष्मी, नम्रता साहू, निहिल कुमार, कक्षा 10 वीं से साहिल कुमार, थनेंद्र कुमार, डेनिस साहू, प्रणवकांत साहू का साहू समाज द्वारा सम्मान किया गया। कलश प्रतियोगिता में सुमित्र साहू ठेकवाडीह, नारायणी साहू कोलिहामार, संतकुमारी, सेवन्तीन साहू, राधा साहू गुरुर का सम्मान किया।

**ये रहे उपस्थित:** इस आयोजन के दौरान तहसील साहू संघ अध्यक्ष मिथलेश साहू, सचिव खेदूराम साहू, उपाध्यक्ष दुष्यंत कुमार साहू, ललिता साहू, संगठन सचिव लक्ष्मीचंद साहू, डामेश्वरी साहू, युवा प्रकोष्ठ संयोजक संजय साहू सहसंयोजक नीलांबर साहू, अधिकारी कर्मचारी प्रकोष्ठ से सूरज गोपाल गंगबेर, जगत राम साहू, घणाराम जेठमल, युवा प्रकोष्ठ से संजय साहू, नीलांबर साहू, मनीष साहू, सुरेन्द्र साहू, कुबेर साहू, मनीष साहू, अशोक साहू, धनसाय साहू, अमृत साहू, मीरा साहू, धनेश्वरी साहू, नम्रता महमल्ला, झामेश्वरी हिरवानी, केशर गजपाल की सहभागिता रही। सम्मान समारोह में लोक संस्कृतिक कला मंच रंग की प्रस्तुति हुई।

**खबर संक्षेप**

### यूथ विजिल ग्रुप के आयोजन में ग्राम गौरव का किया गया सम्मान



**जामगांव आर।** दक्षिण पाटन के ग्राम धमना यूथ विजिल ग्रुप के तत्वावधान मे त्रि दिवसीय भव्य रामधुनी मे धमना निवासी धनेश्वरि सिन्हा का नवपदस्थ सब इस्पेक्टर जंगलवार टेनिंग को सम्मान किया गया। दक्षिण पाटन के सभापति जिला पंचायत दुर्ग कल्पना नारद साहू, व्याख्याता श्रीष्टि स्वर्णकर, जानकी साहू, कल्याणी साहू, कुमारी शीतल सोनी, प्रभारी प्राचार्य रवि अग्रवार, जितेश साहू, उपसरपंच लालकुमार साहू, शत्रुहन सिन्हा, कोमल साहू, कमलेश यादव, शिवराज यादव, सत्येंद्र सोनी, सहित ग्राम की गौरव को सम्मान किया गया।

### सेजस स्कूल मंगचुवा में प्रवेश प्रक्रिया 10 अप्रैल से प्रारंभ

**डौंडीलोहारा।** वनांचल के स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालय मंगचुवा में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए प्रवेश प्रक्रिया 10 अप्रैल 2026 से प्रारंभ होकर 5 मई 2026 तक संचालित की जाएगी। विद्यालय में कक्षा पहली से बारहवीं तक अध्ययन की सुविधा उपलब्ध है, जिसमें उच्च कक्षाओं में गणित, बायो एवं कॉमर्स संकाय संचालित हैं। विद्यालय प्रबंधन से प्राप्त जानकारी के अनुसार कक्षा पहली में प्रवेश हेतु आवेदन निर्धारित तिथि के भीतर किया जा सकेगा। प्रवेश के लिए बालक एवं बालिका की आयु 31 मई 2026 की स्थिति में न्यूनतम 5 वर्ष 6 माह तथा अधिकतम 6 वर्ष 6 माह के बीच होना अनिवार्य है। निर्धारित आयु सीमा से कम या अधिक आयु वाले आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा। विद्यालय में प्रवेश पूर्णतः निःशुल्क होगा। अभिभावकों से अपील की गई है कि वे आवेदन करते समय इस बात का विशेष ध्यान रखें कि विद्यार्थी का आवेदन केवल एक ही विद्यालय में प्रस्तुत करें, क्योंकि एक से अधिक विद्यालयों में किया गया आवेदन अमान्य माना जाएगा।

# बोर्ड परीक्षा मूल्यांकन कार्य समय सीमा में पूर्ण, 595 शिक्षकों ने निभाई जिम्मेदारी

## मूल्यांकन कार्य पूर्ण होने पर फीडबैक सत्र, गुणवत्ता सुधार पर चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित बोर्ड परीक्षा के द्वितीय चरण का मूल्यांकन कार्य निर्धारित समय सीमा के भीतर समाप्त कर लिया गया है। मूल्यांकन केंद्र स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विद्यालय बालोद में माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा नियुक्त परीक्षकों ने पूरे अनुशासन एवं जिम्मेदारी के साथ उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन कार्य सफलतापूर्वक संपन्न किया।

मूल्यांकन केंद्र अधिकारी अरुण कुमार साहू ने जानकारी देते हुए बताया कि पूरे जिले से विभिन्न विषयों के एवं स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम के मूल्यांकन कर्ता हाई स्कूल से 287 तथा हायर सेकेंडरी से 308 कल 595 शिक्षकों ने उत्साह पूर्वक गुणवत्तापूर्ण मूल्यांकन संपादित किया। विभिन्न विषयों के मुख्य परीक्षक एवं उपमुख्य परीक्षकों द्वारा पारदर्शिता एवं गोपनीयता के साथ बोर्ड द्वारा जारी मूल्यांकन हेतु निर्देशों का सावधानी पूर्वक पालन करते हुए गुणवत्तापूर्ण मूल्यांकन कार्य करने में सहयोग प्रदान किया। उन्होंने परीक्षकों को मूल्यांकन कार्य में हाई स्कूल की 66869 तथा हायर सेकेंडरी की 3647 उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन में विशेष योगदान देने हेतु धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि




अवकाश के क्षण में भी तथा शारीरिक एवं पारिवारिक समस्या के बावजूद भी मूल्यांकन कार्य में निरंतर लगे रहे। केवल इतिहास विषय का मूल्यांकन कम परीक्षकों के कारण प्रभावित हुआ जो अभी जारी है। मूल्यांकन कार्य समाप्ति के अवसर पर सभी विषय परीक्षकों द्वारा समापन समारोह में फीडबैक सेशन कार्यक्रम आयोजित किया गया। मूल्यांकन केंद्र अधिकारी अरुण कुमार साहू ने सभी मूल्यांकनकर्ताओं को गुणवत्तापूर्ण मूल्यांकन के उद्देश्य,मूल्यांकन में प्रगति, मूल्यांकन के गुण दोष एवं उसकी निरंतरता तथा आउटकम पर विस्तृत चर्चा की। मूल्यांकन की विश्वसनीयता बनाए रखने हेतु मॉनिटरिंग, टेस्टिंग, ऑडिट एवं फीडबैक की गतिविधियों से परिचित कराया गया। विभिन्न विषयों के विशेषज्ञ मुख्य परीक्षक एवं उपमुख्य परीक्षक तथा कुशल परीक्षकों अपने मूल्यांकन संबंधी अपने अनुभव एवं विचार साझा किया। इस अवसर पर उन्होंने मूल्यांकन कार्य में संलग्न सभी कर्मचारी एवं स्टाफ के सहायक मूल्यांकनकर्ता अधिकारी आर एल गोटामें, सुपरवाइजर वीरेंद्र देश लहरे,डाटा कक्ष प्रभारी आरके सार्वा, हेमंत पांडे, काउंटर प्रभारी भेद कोसले, भागवत साहू, रोमेंद्र देवांगन, पंकज सोनी की कर्तव्य के प्रति निष्ठा एवं समर्पण की सराहना की।

## 40 फीट ऊंचा शिवलिंग धर्म-आध्यात्म और टेक्नोलॉजी का अनोखा संगम

# ब्रह्माकुमारीज के आध्यात्मिक मेले में भव्य शिवलिंग आकर्षण का बना केंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

ब्रह्माकुमारीज शिवदर्शन आध्यात्मिक मेला का उद्घाटन धूमधाम से हुआ। जिसके पहले दिन ही भीड उमड़ी। जहां 40 फीट ऊंचा शिवलिंग आकर्षण का केन्द्र रहा। भाजपा की प्रदेश मंत्री छत्तीसगढ़ की संध्या परगनिया सहित बालोद की विभिन्न महिला संगठनों का आगमन हुआ। इसे धर्म, आध्यात्म, टेक्नोलॉजी और मनोरंजन का अनोखा संगम बताया। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय आत्मज्ञान भवन आमापारा बालोद द्वारा आयोजित शिवदर्शन आध्यात्मिक मेला का उद्घाटन शुक्रवार को बहुत धूमधाम से हुआ। नारी सशक्तिकरण की सबसे बड़ी मिसाल मानी जाने वाली ब्रह्माकुमारीज आध्यात्मिक मेला का उद्घाटन भी नारी शक्तियों के कर कमलों से हुआ।

इस अवसर पर बालोद नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिभा चौधरी, भाजपा की प्रदेश मंत्री संध्या परगनिया, माहेश्वरी समाज अध्यक्ष प्रेमा काबरा, उपाध्यक्ष संगीता




टुवानी, महार समाज प्रदेश उपाध्यक्ष तुलसी डोंगरे जी, कुमएँ समाज अध्यक्ष प्रीति अग्रवाल सहित ब्रह्माकमुमारीज दुर्ग की मुख्य सचांलिका बीके. रीटा दीदी एवं बालोद सेवाकेन्द्र संचालिका ब्रह्माकुमारी विजयलक्ष्मी दीदी उपस्थित थे।

प्रतिभा चौधरी ने कहा कि ब्रह्माकुमारीज के किसी कार्यक्रम में आना अर्थात ईश्वर की गोद में बैठने जैसा सुकून प्राप्त करना है। इनके द्वारा ही ईश्वर से जुड़ने की अनुभूति होती है।

संध्या परगनिया ने कहा हम उस परमपिता परमेश्वर के अंश है और इस आत्मा को हमेशा प्रसन्न रखना है क्योकि निर्मलता ही इस आत्मा का स्वभाव है। प्रेमा काबरा ने कहा अपनी आत्मा को सदैव प्रसन्न रखने के लिए ऐसे आयोजनो की नितांत आवश्यकता है। संगीता टुवानी ने कहा ब्रह्माकुमारीज के द्वारा आत्म जागृति का जो कार्य किया जा रहा है वो तारीफ–ए–काबिल है। तुलसी डोंगरे ने कहा इस जगत में हमारे जन्म का उद्धार कैसे होगा ये जानने की शक्ति ब्रह्माकुमारीज के माध्यम से मार्गदर्शन मिलता है।

ब्रह्माकुमारीज रीटा दीदी ने कहा कि इस मेले में पूरे भारत में स्थित द्वादश ज्योतिर्लिंग को एक ही स्थान पर ऐसे दर्शाया गया है जैसे हम साक्षात उस स्थान पर ही पहुंच गए है। वैसे तो परमात्मा ज्योति बिन्दु स्वरूप है किन्तु उनकी पूजा करने के लिए शिवलिंग में दर्शाया जाता है। न तो वो स्त्री है, न पुरूष, न देवता वह ज्योति स्वरूप परमात्मा है और उस परमात्मा से जब हमारा कनेक्शन जुड़ जाता है उसी क्रिया को ही कहा जाता है राजयोग मेडिटेशन। इस मेले में माइंड स्पा का भी पैनल बनाया गया है जहां पर मन को आराम देने की विधि बताई गई है। इसलिए आप सभी इस मेले में अधिक से अधिक पहुंचकर लाभ अवश्य लेवे। बीके. विजयलक्ष्मी दीदी ने सभी अतिथियों एवं बीके. रीटा दीदी का आध्यात्मिक मेले में स्वागत करते हुए मेले के विभिन्न गतिविधियों पर प्रकाश डाला।

# तेज रफ्तार ट्रक की टक्कर से घायल युवक का ईलाज के दौरान मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

काम कर वापस अपने घर जा रहा युवक सड़क हादसे का शिकार हो गया। जिसमें युवक को गंभीर चोट आने के कारण ईलाज के दौरान मौत हो गई।

मिली जानकारी के अनुसार ग्राम तरौद निवासी धीरज पटेल 22 वर्ष शुक्रवार देर रात अपना का कर वापस रात 9 बजे के करीब अपने मोटर सायकल से घर जा रहा था। इसी दौरान युवक अपने गांव के पास स्थित पेट्रोल पंप के पास पहुंचा था। कि सामने की ओर से आ रही ट्रक तेज व लापरवाही पूर्वक चलाते हुए ट्रैक्टर को ओवरटेक करते हुए बालोद की ओर से जा रहे बाईक चालक युवक को जोरदार टक्कर मार दी। जिसमे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसके बाद आस पास मौजूद लोगो के द्वारा युवक को आनन फानन मे 108 की सहायता से जिला अस्पताल पहुंचाया गया। जहां ईलाज के दौरान डॉक्टरो ने युवक को मृत घोषित कर दिया। जहां देर रात होने के कारण युवक के शव को मरच्युरी में रखा गया था। वही शनिवार को शव का पीएम करने के बाद शव परिजनो को सौप



दिया गया। जहां शनिवार को युवक का अंतिम संस्कार गृहग्राम में किया गया।

ग्रामीणो से मिली जानकारी के अनुसार ट्रक चालक ओवर टेक करने के चक्कर में सामने की ओर से आ रहे बाईक सवार युवक को ठोकर मारने के बाद घटना स्थल से ट्रक सहित फरार हो गया। वही युवक अपने मां बाप का एकलौता पुत्र था तथा दो साल पूर्व उनकी बहन की भी मौत होने की जानकारी प्राप्त हो रही है। अचानक हुए सड़क हादसे से पुरे गांव में शोक व्याप्त है। वही पुलिस मामले की जांच मे जुट गई है।

# जिला भाजपा की बैठक में स्थापना दिवस की तैयारी पर किया विचार-विमर्श

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

- 6 से 14 अप्रैल तक चलेंगे विविध कार्यक्रम, जिम्मेदारियों का किया गया निर्धारण

भारतीय जनता पार्टी स्थापना दिवस की तैयारी को लेकर जिला भाजपा कार्यालय में बैठक संपन्न हुआ। राष्ट्रीय एवं प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार भारतीय जनता पार्टी का स्थापना दिवस 6 अप्रैल से 14 अप्रैल तक विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से प्रभावी एवं सुव्यवस्थित रूप से मनाया जाएगा।

भारतीय जनता पार्टी 6 अप्रैल को अपनी स्थापना के 46 वर्ष पूर्ण कर लेगी, इस दिन पार्टी अपना 47वां स्थापना दिवस मनाएगी। 6 अप्रैल 1980 को नई दिल्ली के फिरोजशाह कोटला मैदान में भाजपा का गठन हुआ था। इस अवसर पर देश भर में जिला, मंडल, बूथ स्तर से लेकर प्रदेश स्तर तक पार्टी का



झंडा फहराया जाएगा। स्व. अटल बिहारी वाजपेयी जी भाजपा के प्रथम अध्यक्ष थे, भाजपा इस मौके पर एक सप्ताह तक चलने वाले कार्यक्रम जैसे गांव चलो, बस्ती चलो अभियान आयोजित करेगी। इसी क्रम में जिला स्तरीय योजना एवं तैयारियों को लेकर जिला भाजपा कार्यालय, बालोद में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रमुख रूप से प्रभारी, भाजपा जिला बालोद संध्या परगनिहा, जिला अध्यक्ष, भाजपा बालोद चेमन देशमुख, पूर्व जिला अध्यक्ष पवन साहू, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य अभिषेक शुक्ला, जिला पंचायत अध्यक्ष बालोद तारणी चंद्राकर, पूर्व विधायक संजारी बालोद प्रीतम साहू, लिखराम साहू, जिला महामंत्री राकेश छोटू यादव, जिला महामंत्री सौरभ लुनिया, संयोजक स्थापना दिवस कार्यक्रम टोली अश्वनी यादव, ठाकुरराम चंद्राकर, कौशल साहू, टिनेश्वर बघेल, सह संयोजक मनीष झा तथा अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। बैठक में स्थापना दिवस के अंतर्गत आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों की विस्तृत रूपरेखा पर चर्चा करते हुए सभी कार्यक्रमों के सफल बनाने हेतु जिम्मेदारियों का निर्धारण किया गया एवं आवश्यक दिशा–निर्देश प्रदान किए गए।

# 21 वर्ष की सेना सेवा के बाद लौटे नायक हीरा लाल का स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डौंडीलोहारा

भारत माता के वीर सपूत नायक हीरा लाल साहू का आज उनके पैतृक ग्राम मुड़खुसरा (भीमकन्हार) जिला बालोद, में भव्य और हर्षोल्लासपूर्ण स्वागत किया गया। भारतीय सेना में 21 वर्षों से देश सेवा और अतुलनीय कर्तव्यनिष्ठा के पश्चात, सेवानिवृत्त होकर अपने गांव लौटे नायक हीरा लाल साहू के सम्मान में एक गरिमामयी 'सम्मान समारोह' का आयोजन किया गया।



- ढोल-नगाड़ों, तिलक और फूल-मालाओं से किया सम्मान, युवाओं को देश सेवा की प्रेरणा

इस अवसर पर पूरा गांव देशभक्ति के रंग में सराबोर नजर आया। फूलों से सजी गाड़ियों के साथ एक भव्य स्वागत जुलूस निकाला गया, जिसमें ढोल-नगाड़ों और देशभक्ति गीतों की गूंज थी। ग्रामवासियों ने तिलक लगाकर और फूल-मालाओं से लादकर अपने लाडले बेटे का स्वागत किया, जो उनके लिए गर्व और प्रेरणा का प्रतीक बन गया है। भावुक स्वर में नायक हीरा लाल साहू ने कहा, यह सम्मान केवल मेरा नहीं, बल्कि उन सभी वीर सैनिकों का है जो देश के लिए लड़ते हैं और अपनी जान न्यौछावर करते हैं। मुझे गर्व है कि मैंने भारत माता की सेवा करने का अवसर पाया। ग्रामवासियों का यह असीम स्नेह और सम्मान मुझे हमेशा प्रेरणा देता रहेगा। यह आयोजन न केवल नायक हीरा लाल साहू के सम्मान में था, बल्कि यह देश के लिए सेवा करने वाले सभी वीरों के प्रति आभार प्रकट करने का एक माध्यम भी था। उनके इस स्वागत ने पूरे क्षेत्र में देशभक्ति की लहर जगा दी और युवाओं को देश सेवा के लिए प्रेरित किया।

# राज्यसभा सांसद फूलोदेवी का पुरूर में स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरूर

जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष चंद्रेश हिरवानी एवं ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष किशोर साहू के नेतृत्व में गुरूर ब्लॉक के ग्राम पुरूर में सांसद राज्यसभा एवं प्रदेश अध्यक्ष महिला कांग्रेस छत्तीसगढ़ फूलोंदेवी नेताम का राज्यसभा निर्वाचित होने के पश्चात प्रथम बालोद जिला आगमन पर रानी दुर्गावती चौक पर स्वागत सम्मान किया गया।

- प्रथम बालोद आगमन पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने किया सम्मान,

इस अवसर पर राज्यसभा सांसद फूलों देवी नेताम ने बालोद जिला के नवनियुक्त ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्षों का मुंह मीठा करा सबको नवीन दायित्व की बधाई दिए, राज्यसभा सांसद ने सभी कार्यकर्ताओं का हाल चाल जाना।

**ये रहे उपस्थितः** इस अवसर पर प्रमुख रूप जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष चंद्रेश हिरवानी, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष किशोर साहू, बालोद ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष नरेन्द्र





सिन्हा, दल्लीराजहरा ब्लॉक अध्यक्ष रतिराम कोसमा, बालोद शहर अध्यक्ष अंचल साहू, महामंत्री ब्लॉक कांग्रेस गुरूर शादिक अली, विधायक प्रतिनिधि टोमन साहू, पूर्व जनपद उपाध्यक्ष तोषण साहू, जिला महामंत्री जितेंद्र यादव, महामंत्री एस कुमार कलिहारी, रोहित सागर, मीडिया प्रभारी देवेंद्र साहू, युवा कांग्रेस अध्यक्ष मोनू ठाकुर, जनपद सदस्य अजीत कुंजाम, सरपंच भगवान दास मंचूरिया, वरिष्ठ कार्यकर्ता राधे लाल नागवंशी, युवा नेता रूपराम साहू, हिमांशु लावत्रे, छात्र नेता रवि साहू, महेंद्र कुमार, पीलू राम साहू, सुमीत शर्मा सहित सैकड़ों कार्यकर्ता ने स्वागत कार्यक्रम में हिस्सा लिया।

# जिला सतनामी समाज के युवा प्रकोष्ठ का कुनाल बने जिलाध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

जिला सतनामी समाज बालोद के तत्वाधान में युवा प्रकोष्ठ जिला सतनामी समाज बालोद का गठन किया गया। जिसमें समस्त जिला, ब्लाक पदाधिकारी उपस्थित रहे, प्रत्येक तहसील से पांच युवाओं के नाम जिला में आमंत्रित किया गया था।

- समाज में एकता, नशामुक्ति और संगठन मजबूती पर युवाओं को मिला दायित्व

पूर्व जिलाध्यक्ष विजय बघेल ने अपने विचार में संगठन के महत्व पर प्रकाश डालते हुए युवाओं को समाज मे एकता और संगठन की शक्ति के महत्व को बताया, पवन जोशी ने चुनाव की कार्ययोजना व युवाओं को समाज के साथ मिलकर कार्य करने पर जोर दिया। जिला अध्यक्ष संजय बारले ने कहा समाज मे राजनीति दायित्वों को त्यागकर



समाज हित में पूर्ण निष्ठा और ईमानदारी से कार्य करें, कोई भी व्यक्ति नाम के लिए पद धारण न करें, आज युवा वर्ग नशा की ओर अग्रसर हो रहा हैं, जिससे समाज का विकास संभव नहीं हो सकता नशामुक्त समाज का निर्माण करने पर जोर दिया।

तहसील सतनामी समाज अध्यक्षगण धनेश बघेल डौण्डी लोहारा, नीलकंठ टंडन गुण्डरदेही, उधोराम बराहेन अर्जुन्दा, पुरूषोत्तम बारले डौण्डी, धनीराम बारले बालोद, लच्छूराम देशलहरे गुरूर, लक्ष्मीनारायण बघेल, गोवर्धन बारले अपने अपने विचार रखें, सभी तहसील से उपस्थित युवाओं के विचार आमंत्रित किया गया।

तत्पश्चात जिला प्रतिनिधि, ब्लाक प्रतिनिधि सयुंक्त रूप से सर्वसहमति के आधार से पदो के लिए नाम का चयन किया गया, जिसमें कुनाल सिंह कुर्रे को जिला अध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ, देवेंद्र जोशी व कमलेश बंजारे जिला महासचिव युवा प्रकोष्ठ, सचिव मनीष बारले, कोषाध्यक्ष समीर बारले, मीडिया प्रभारी लोकेंद्र गायकवाड़, उपाध्यक्षगण कुरेंद्र कुमार बालोद, नवीन चंदेल डौण्डी लोहारा, देवा जाटवर गुरूर, गोविंदा बघेल गुण्डरदेही, संजय देशलहरे अर्जुंदा को बनाया गया। सहसचिव हेतु ब्लाक अर्जुन्दा रिक्त है।


संगठन सचिवगण अमरदास टंडन अर्जून्दा, राजेश बघेल बालोद, विश्वनाथ देशलहरे लोहारा, युवराज बंजारे गुरूर, मंगलदास गेण्ड्रे गुण्डरदेही को चयन किया गया, कार्यकारिणी सदस्य तहसील से भेजे गये शेष नाम सदस्य होंगे।

इस पर सचिव जिला सतनामी समाज बालोद संतराम बंजारे, पुरूषोत्तम मारकंडेय, चन्द्र कुमार देशलहरे, राजकुमार बारले, हिंसा राम बंजारे, डेहर लाल बारले, जागेन्द्र जोशी, उमेश रात्रे, अवध कोसरे, रोशन देशलहरा, रुपदास बंजारे, रोशन बंजारे, मुकेश बघेल, अरुण गायकवाड़, सेवक जांगड़े, रेखराम डहरे, रमेश रात्रे, बालाराम कोसरे, बीरबल डहरे ने हर्ष व्यक्त किया।

# देवरी में मां कर्मा जयंती मनाई



**गुण्डरदेही।** ग्राम देवरी(ख) में मां कर्मा जयंती मनाई गई। कार्यक्रम मे समाजसेवी व छाया विधायक जसवंत सिन्हा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होने ने कहा कि माता कर्मा केवल साहू समाज की आराध्य नहीं हैं बल्कि वे पूरी मानवता के लिए भक्ति और साहस की प्रतीक हैं। माता कर्मा का जीवन हमें सिखाता है कि सच्ची भक्ति में इतनी शक्ति होती है कि ईश्वर भी भक्त के अधीन हो जाते हैं। उन्होंने सिखाया कि भगवान भाव के भूखे होते हैं। जिस तरह उन्होंने भगवान जगन्नाथ को खिचड़ी खिलाई वह इस बात का प्रमाण है कि अगर भक्ति सच्ची हो तो ईश्वर को भी भक्त के वश में होना पड़ता है। उन्होंने साहू समाज की सराहना करते हुए कहा कि यह साहू समाज न केवल अपनी परंपराओं को सहेज कर रखे हुए है। बल्कि शिक्षा और सामाजिक सुधार के क्षेत्र में भी अग्रणी भूमिका निभा रहा है। आज हम सब मिलकर यह प्रण लें कि माता कर्मा के बताए सत्य, भक्ति और सेवा के मार्ग पर चलेंगे। समाज के अंतिम व्यक्ति की मदद करना ही माता के प्रति हमारी सच्ची श्रद्धा होगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता तहसील अध्यक्ष डां मानसिंग सार्वा ने की। विशेष अतिथि तहसील अध्यक्ष अर्जुन्दा उमाशंकर साहू, हेमंत साहू, सुचित्र साहू, परिक्षेत्रिय अध्यक्ष भीषम साहू, सरपंच कुसुम देशमुख, अंशु गायकवाड़, ग्रामीण अध्यक्ष तामेश्वर साहू सहित ग्रामीण पदाधिकारीगण व सामाजिक लोग उपस्थित थे।







विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

**खबर संक्षेप**

## पूर्व विधायक दयाराम का जन्मदिन मनाया गया



**अंडा।** पूर्व प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष व पूर्व विधायक डॉ दयाराम साहू ने अपना जन्मदिवस सादगी के साथ मनाया। डॉ दयाराम साहू को उनके 70 वें जन्मदिवस की बधाई देने उनके समर्थक व जनमानस उपस्थित हुए। डॉ साहब को 70 वें जन्मदिवस की बधाई देते हुए सभी ने उसके उत्तम स्वास्थ और दीर्घ आयु को कामना परमपिता परमात्मा से सर्वप्रथम पूर्व कैबिनेट मंत्री व उनकी धर्मपत्नी रमशिला साहू, भाजपा नेता तहसील साहू समाज महामंत्री दुर्ग ग्रामीण उमाशंकर साहू , प्रदेश भाजपा किसान मोर्चा धनराज साहू, पूर्व तहसील अध्यक्ष दिनेश साहू ,पूर्व तहसील महासचिव पाटन खेमलाल साहू ,भाजपा नेता सहित अनेको शुभचिंतक रहे ।

## घरेलू विवाद पर धारदार हथियार से हमला

**भिलाई।** घरेलू विवाद में धारदार हथियार से हमला करने वाले मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरप्तार किया है।

### समस्या : एटीएम बंद, भीषण गर्मी में नहीं बुझ रही है प्यास

# लाखों की वाटर एटीएम योजना फेल, पेयजल के भटक रहे हैं लोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

शहर में स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से लगाए गए वाटर एटीएम आज बदहाली की कहानी बयां कर रहे हैं। लाखों रुपये खर्च कर नगर पालिका परिसर और नया बस स्टैंड में लगाए गए। ये एटीएम अब तक चालू नहीं हो पाए हैं और धीरे-धीरे कबाड़ में तब्दील हो रहे हैं। भीषण गर्मी के बीच यह स्थिति आम जनता के लिए बड़ी परेशानी का कारण बन गई है।

- नगर पालिका परिसर और बस स्टैंड में लगे एटीएम बने कबाड़

ये वाटर एटीएम तत्कालीन नपा अध्यक्ष काशी निषाद के कार्यकाल में स्थापित किए गए थे। उस समय इसे शहर के विकास की बड़ी उपलब्धि बताया गया था, लेकिन जमीनी हकीकत इसके उलट नजर आ रही है। शहरवासियों के बीच चर्चा है कि उस दौर में शुरू की गई कई योजनाएं अधूरी या निष्प्रभावी साबित हुईं, जिनमें यह वाटर एटीएम भी शामिल है।

### क्षेत्रवासियों की प्रतिक्रिया

बस स्टैंड के एक दुकानदार उपेन्द्र साहू और रामेशवर ने बताया, यह मशीन शुरू हो जाती तो यात्रियों को बड़ी सुविधा मिलती, लेकिन अब यह सिर्फ दिखावे के लिए खड़ी है। एक अन्य स्थानीय निवासी लोकेश कुमार ने कहा, लाखों रुपये खर्च कर मशीन लगाई गई, लेकिन उसका कोई उपयोग नहीं हुआ, यह सीधे-सीधे जनता के पैसे की बर्बादी है।



### जमीन पर हकीकत, जनता परेशान

*नगर पालिका परिसर और बस स्टैंड जैसे भीड़भाड़ वाले स्थानों पर लगे इन एटीएम से लोगों को राहत मिलने की उम्मीद थी, लेकिन सालों बीत जाने के बाद भी इनका संचालन शुरू नहीं हो पाया। गर्मी में पानी के लिए भटक रहे यात्रियों और स्थानीय नागरिकों के लिए यह एक बड़ी विफलता के रूप में सामने आया है। चालू होने के पहले ही कबाड़ में तब्दील हो गया अब लोग इसे वाटर एटीएम ना कह कर कबाड़ एटीएम कहने लगे हैं।*

### जिम्मेदारों पर उठते सवाल

जहां एक ओर यह योजना काशी निषाद के कार्यकाल में शुरू हुई, वहीं अब सवाल वर्तमान व्यवस्था पर भी उठ रहे हैं कि आखिर अब तक इसे चालू क्यों नहीं किया गया।

काशी निषाद (तत्कालीन अध्यक्ष) कहते हैं कि उस समय यह योजना जनता की सुविधा के लिए शुरू की गई थी, लेकिन तकनीकी कारणों या संचालन एजेंसी की समस्या के चलते इसे शुरू नहीं किया जा सका।

तोरण साहू नपाध्यक्ष कहते हैं कि नगर पालिका इस मामले की समीक्षा कर रही है और जल्द ही मशीनों को चालू करने या वैकल्पिक व्यवस्था बनाने की दिशा में कदम उठाए जाएंगे।

सीमा बक्शी (सीएमओ) कहती हैं कि मशीनों की तकनीकी जांच कराई जा रही है, यदि मरम्मत संभव हुई तो जल्द संचालन शुरू किया जाएगा, अन्यथा नई योजना बनाई जाएगी।

वाटर एटीएम से जुड़े जानकारों का कहना है कि केवल निर्माण कार्य कर देना पर्याप्त नहीं होता, बल्कि उसके संचालन और रखरखाव की ठोस योजना बनाना भी जरूरी होता है, जो यहां स्पष्ट रूप से नजर नहीं आती। दल्लीराजहरा में वाटर एटीएम की यह स्थिति न केवल एक असफल योजना का उदाहरण है, बल्कि यह प्रशासनिक लापरवाही और योजनाओं की कमजोर निगरानी को भी उजागर करती है। अब देखना होगा कि जिम्मेदार इस मुद्दे पर ठोस कार्रवाई करते हैं या यह योजना यूं ही 'सफेद हाथी' बनी रहती है।

## छत्रपति शिवाजी महाराज की पुण्यतिथि श्रद्धापूर्वक मनाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा।

ग्राम तिरगा में महान वीर योद्धा एवं राष्ट्रनायक छत्रपति शिवाजी महाराज की पुण्यतिथि श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। इस अवसर पर दिल्लीवार कुर्मी समाज के पदाधिकारी एवं ग्राम प्रतिनिधियों की गरिमामयी उपस्थिति रही।

कार्यक्रम में उपस्थित जनों ने शिवाजी महाराज की मूर्ति पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया और उनके आदर्शों एवं वीरता को याद किया। वक्ताओं ने उनके जीवन से प्रेरणा लेते हुए समाज के उत्थान एवं राष्ट्र सेवा के लिए कार्य करने का संकल्प लिया।

**ये रहे उपस्थित :** इस अवसर पर केंद्रीय कार्यकारिणी सदस्य विजय बेलचंदन, सर्किल युवा अध्यक्ष दधिश देशमुख, प्रधान गैंदलाल, उप प्रधान रामसाय बेलचंदन, शिवाजी स्मारक अध्यक्ष युवराज देशमुख, अघनू देशमुख, भरतलाल बेलचंदन, दयाराम दिल्लीवार, भूपेंद्र बेलचंदन, रामसिंग देशमुख, नंदलाल देशमुख, टेमन देशमुख, प्रवीण देशमुख, भुलऊराम देशमुख, नरेंद्र देशमुख, भीष्म देशमुख, उपसरपंच सूखिताराम ढीमर, दिलेश्वर यादव, संतु ठाकुर, बिरेंद्र कोतवाल सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन सभी के द्वारा शिवाजी महाराज के बताए मार्ग पर चलने के संकल्प के साथ किया गया।

## नीर-नीर चेतना अभियान के तहत टटेंगा स्कूल जल संरक्षण का दिया संदेश



हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

जिला प्रशासन बालोद द्वारा गर्मी के दिनों में जल संरक्षण के उद्देश्य से चलाए जा रहे 'नीर-नीर चेतना अभियान' के अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टटेंगा में स्वामी विवेकानंद यूथ एंड इको क्लब के तत्वावधान में जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को टपक (ड्रिप) विधि से सिंचाई का व्यावहारिक प्रदर्शन कर जल बचाने के उपाय बताए गए। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्राचार्य आर. के. देवांगन ने कहा कि यह पहल तांदुला नदी के स्वरूप को पुनर्जीवित करने और जल स्रोतों के संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने सभी से पानी का अपव्यय रोकने और जल संचय को अपनाने की अपील की। वरिष्ठ व्याख्याता चंद्रमणि वासनिक ने ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार गिरते भूजल स्तर पर चिंता व्यक्त करते हुए वर्षा जल संचयन और जल स्रोतों के पुनर्जीवन पर जोर दिया। इस दौरान व्याख्याता हेपशीबा एंथोनी एवं अजय पाठक ने टपक विधि से सिंचाई का अनूठा तरीका समझाया। उन्होंने बताया कि पौधों के पास पानी से भरी बोतल रखकर धागे के माध्यम से बूंद-बूंद पानी जड़ों तक पहुंचाया जा सकता है, जिससे पानी की बचत होती है और पौधों को आवश्यक नमी मिलती है।

- टपक विधि से सिंचाई का प्रदर्शन
- तांदुला नदी संरक्षण और वर्षा जल संचयन पर दिया गया जोर

साथ ही, इस विधि से खरपतवार भी कम उगते हैं। कार्यक्रम में शिक्षक नेहा साहू, गायत्री साहू सहित उपस्थित जनों ने इस पहल की सराहना की। इस अवसर पर वरिष्ठ व्याख्याता टी.एल. देवांगन, पवन सिन्हा, हर्षा देवांगन, भागवत साहू, वेद प्रकाश साहू, महेश रावटे, कुंदन यादव तथा प्राथमिक, माध्यमिक एवं उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।





